-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस लाइन बांदा में चल रही 03 दिवसीय 27वीं अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन की पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन । श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया गया पुरस्कृत ।**

विवरण- पुलिस लाइन बांदा में दिनांक 23.11.2026 से आयोजित तीन दिवसीय 27वीं अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन की पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का आज दिनांक 25.11.2026 को समापन हो गया । प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के सभी जनपदों- बांदा, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, फतेहपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता के दौरान सभी जनपदों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया । क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच जनपद बांदा व प्रतापगढ़ के बीच खेला गया जिसमें बांदा प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रही वहीं प्रतापगढ़ की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में उपविजेता रही । प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर आरक्षी पवन कुशवाहा को मैन ऑफ द सिरीज घोषित किया गया । खिलाड़ियों ने अनुशासन एवं खेल भावना के साथ अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । आज समापन समारोह में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया । उन्होंने प्रतियोगिता में पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा कोच स्टाफ की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया । श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलों में पुरस्कार जीतना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि पूरे मनोयोग एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग करना अधिक महत्वपूर्ण है । निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम एवं लगन से खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं और भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकते हैं । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक बांदा श्री बेलास यादव सहित अन्य संबंधित अधि0/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे ।